आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.10.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे।
2. द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल वृंदावन ग्राम पंचायत का दौरा कर विभिन्न विकासीय कार्यों का उद्घाटन किया।
3. सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय की ओर से आयोजित तीसरे द्वीप नारियल महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है।
4. आगामी त्योहारों के मद्देनजर जहाजरानी सेवा निदेशालय ने अतिरिक्त जलयान सेवाओं की व्यवस्था की है।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सुबह ग्यारह बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश–विदेश के लोगों से अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ उनचालीसवीं कड़ी होगी। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के सभी नेटवर्क, ए.आई.आर. न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ ऑन एयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण ए.आई.आर. न्यूज़, डीडी न्यूज़, प्रधानमंत्री कार्यालय तथा सूचना और प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चैनलों पर भी किया जाएगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी से प्रादेशिक भाषाओं में भी यह कार्यक्रम प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने कल वृंदावन ग्राम पंचायत का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के विभिन्न विकासीय कार्यों जैसे बहुउद्देशीय सामुदायिक भवन और सीसी मार्ग का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उपराज्यपाल ने वृंदावन में खेल के मैदान के लिए 1 हेक्टेयर भूमि

आवंटित करने, नव–निर्मित फ़रारगंज स्टेडियम को सौंपने, वर्षा जल संचयन तालाब, प्रस्तावित सीफूड पार्क के विकास के लिए लगभग 5 हेक्टेयर भूमि के आवंटन का प्रस्ताव जमा करने के निर्देश दिए।

उधर, राज्य सभा की पत्रों को सभा पटल पर रखे जाने संबंधी समिति के अध्यक्ष एवं सांसद लक्ष्मी कांत बाजपेयी, सांसद महुआ माजी, सांसद मानसिंह मेरामन परमार, राज्य सभा सचिवालय के निदेशक संजीव चंद्र तथा समिति के अन्य सदस्यों ने कल लोक निवास, में उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से शिष्टाचार भेंट की।

<><><><><><><>

राष्ट्रीय जनसंख्या शिक्षा परियोजना के तहत शिक्षा निदेशालय के विज्ञान शाखा के सहयोग से कल राज्य स्तरीय रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की निदेशक संगीता चंद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। उन्होंने अपने संबोधन में रोल प्ले और लोक नृत्य के महत्व पर बल दिया। इस अवसर पर तीनों जिलों के जिला स्तरीय विजेता प्रतिभागियों ने निर्धारित विषयों पर रोल प्ले और लोक नृत्य प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में कुल तैंतीस छात्रों और छः एस्कॉर्ट शिक्षकों ने भाग लिया। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, भातुबस्ती को राज्य स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता के विजेता घोषित किया गया, जबकि राजकीय माध्यमिक विद्यालय, केरलापुरम उपविजेता रही। राज्य स्तरीय रोल प्ले प्रतियोगिता के लिए पीएम श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, आर. के. पुर, लिटिल अंडमान विजेता और राजकीय माध्यमिक विद्यालय, दुर्गापुर उपविजेता घोषित की गई। दोनों विजेता टीमें आगामी जनवरी माह में आयोजित होने वाली राष्ट्रीय रोल प्ले एवं लोक नृत्य प्रतियोगिता में भाग लेंगी। समापन समारोह पर विजेताओं को ट्रॉफी एवं प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय की ओर से आयोजित द्वीप नारियल महोत्सव का तीसरा संस्करण कल प्रदर्शनी मैदान में शुरू हुआ। इस महोत्सव का विषय 'नारियल का उत्सव – द्वीपों की संस्कृति, व्यंजन और शिल्प' रखा गया है। मेले में विभिन्न प्रतियोगिताओं, बच्चों की कार्यशालाओं, फूड

स्टॉलों, प्रदर्शनियों और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से द्वीपों में नारियल के सांस्कृतिक, पाक–संबंधी और पारंपरिक महत्व को प्रदर्शित किया जा रहा है। इस अवसर पर शिक्षा विभाग के सहयोग से 15 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए नारियल थीम पर आधारित पेंटिंग गतिविधि, नारियल छीलने की प्रतियोगिता, पाक कला, कला और हस्तशिल्प प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। महोत्सव में विभिन्न सरकारी विभागों, संगठनों, निजी स्टॉलों और राज्य संघों ने भाग लिया। यह महोत्सव आज भी जारी रहेगा।

<><><><><><><><>

आगामी त्योहारों को देखते हुए जहाजरानी सेवा निदेशालय ने श्री विजयपुरम से मायाबंदर, डिगलीपुर और लिटिल अंडमान के बीच अतिरिक्त जलयान सेवाओं की व्यवस्था की है। इसके अनुसार एमवी रानीचंगा कल सुबह साढ़े छः बजे श्री विजयपुरम से लिटिल अंडमान, एमवी नॉर्थ पैसेज सत्ताईस तारीख को सुबह साढ़े छः बजे श्री विजयपुरम से मायाबंदर और उनतीस अक्तूबर को सुबह सात बजे डिगलीपुर के लिए छूटेगा। इन यात्राओं के लिए टिकट आज सुबह नौ बजे से जारी किए जाएंगे। उनतीस अक्तूबर की डिगलीपुर से श्री विजयपुरम के लिए वापसी यात्रा के लिए टिकटों की बुकिंग कल सुबह नौ बजे से की जा सकती है।

<><><><><><><><>

विद्युत, चिकित्सा और अंडमान लोक निर्माण विभाग के आयुक्त सह सचिव डॉ. सचिन शिंदे, ने कैंपबेल बे का दौरा किया। अपने दो दिवसीय दौरे के दौरान उन्होंने प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, कैंपबेल बे और गांधीनगर में दवाइयों, स्वास्थ्य देखभाल, बुनियादी ढांचे व अन्य आवश्यक जानकारियों का जायजा लिया। इसके अलावा उन्होंने इंदिरा प्वाइंट, गलाथिया नदी, बी क्वारी बीच और ब्रेक वाटर का निरीक्षण भी किया। इस दौरान आयुक्त सह सचिव ने मुख्य अभियंता के साथ बैठक कर पर्यटन के दृष्टिकोण से विकासीय गतिविधियों पर भी चर्चा की।

<><><><><><><><>

अफ्रीकन स्वाइन फीवर के संबंध में कार्यकारी कर्मचारियों के बीच जागरूकता पैदा करने और वन्यजीव प्रभाग के संरक्षित क्षेत्र में इसके प्रसार को रोकने के लिए निवारक उपायों के महत्व पर कल हैडो में जागरूकता कार्यशाला–सह–अभिविन्यास सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ताओं ने अफ्रीकन स्वाइन फीवर, इसके संचरण, लक्षणों और निवारक उपायों पर जानकारी दी। सत्र के दौरान अंडमान की स्थानिक प्रजाति अंडमान वाइल्ड पिग को संभावित स्वास्थ्य जोखिमों से बचाने के लिए उचित निवारक उपायों और जिम्मेदार वन्यजीव प्रबंधन के महत्व पर विशेष जोर दिया गया।

<><><><><><><><>

भारतीय खेल प्राधिकरण की ओर से महिला फुटबॉल में आवासीय एथलीटों के प्रवेश के लिए चयन प्रक्रिया का आयोजन किया जाएगा। इसमें दस से चौदह वर्ष आयु वर्ग की बालिका खिलाड़ी भाग ले सकती है। चयन ट्रायल अट्ठाईस अक्तूबर को सुबह नौ बजे से नेताजी स्टेडियम में रखी गई है। साई के मानदंडों के अनुसार, चयनित खिलाड़ियों को निःशुल्क सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। परीक्षण में भाग लेने वाले अभ्यर्थियों को अपने मूल दस्तावेज तथा प्रतिलिपि साथ लानी होगी। अधिक जानकारी इच्छुक अभ्यर्थी प्राधिकरण के ईमेल या इंस्टाग्राम के माध्यम से या कोच मोहम्मद सादिक से संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><><>

तमिलनाडु पुलिस से प्राप्त सूचना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए अबरडीन पुलिस थाना टीम ने गाराचारमा क्षेत्र में एक फरार आजीवन कारावास के कैदी का पता लगाकर तमिलनाडु पुलिस को सौंप दिया। तैंतीस वर्षीय रामनाथपुरम निवासी अरुण पांडियन 2017 में दर्ज एक हत्या के मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा था। इस वर्ष सितंबर माह में, उसे मद्रास उच्च न्यायालय के आदेश के तहत मदुरै केंद्रीय जेल से इक्कीस दिन की पैरोल पर रिहा किया गया था। पैरोल की अवधि समाप्त होने पर वह आरोपी तमिलनाडु से फरार हो गया था।

<><><><><><><><>